# राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय,
## राजा पंचम सिंह मार्ग, ग्वालियर – 474 002 (म.प्र.)

No./DES/Farmers Fair/ Tender/2024-25/2648 Dated: 17/01/2025

### //ई–निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)//

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 21–24 फरवरी, 2025 के दौरान आयोजित हो रहे **"All India Agro-Industry Exhibition and Farmers Fair" में भोजन पैकेट एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु** निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदाकार को निविदा के साथ बयाना राशि रूपये 25,000/–(रू. पच्चीस हजार मात्र) डिमांड ड्राफ्ट लेखानियंत्रक, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर के नाम देय के माध्यम से जमा करना अनिवार्य है।

ऑनलाईन निविदा फॉर्म शर्तो के साथ दिनांक 18/01/2025 से दिनांक 03/02/2025 तक वेबसाइट http://www.mptenders.gov.in के माध्यम से रूपये 1,000/– + पोर्टल चार्ज जमा करके क्रय किये जा सकेगें। दिनांक 03/02/2025 तक बयाना राशि रूपये 25,000/– जमा करके निविदा की प्रक्रिया पूर्ण करके टैक्नीकल एवं वित्तीय बिड के दस्तावेजों को दिनांक 03/02/2025 में सुबह 11:00 बजे तक व्यक्तिगत/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय निदेशालय विस्तार सेवायें, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर में जमा करानी होगी। इसके पश्चात् दिनांक 03/02/2025 को टैक्नीकल बिड अपरान्ह 03:00 बजे एवं फायनेंशियल बिड दिनांक 04/02/2025 को सांय 03:30 बजे समिति के समक्ष खोली जायेगी। (तारीखों में फेरबदल कार्यालयीन कारणों से किया जा सकता है)।

किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार विश्वविद्यालय प्रशासन का होगा। निविदा फार्म प्राप्त करने के पश्चात् फार्म/एजेंसी कार्य स्थल का निरीक्षण कर सकती है।

निदेशक विस्तार सेवाऐं
रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर
DIRECTOR EXTENSION SERVICES
DES-RVSKVV, Gwalior (M.P.)

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 21–24 फरवरी, 2025 को आयोजित हो रहे **"All India Agro-Industry Exhibition and Farmers Fair"** में भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु ऑनलाईन ई–निविदा

## दिशा निर्देश, सामान्य शर्तें एवं नियम

1. निविदा की दरें सभी कर सहित तथा भाड़ा सहित दर्शायें।
2. उक्त कार्य हेतु किये जाने वाले भुगतान पर नियमानुसार आयकर एवं अन्य कर लगता हो काटा जायेगा।
3. फर्म का जी.एस.टी. पंजीयन होना अनिवार्य है।
4. कार्य आदेश देने के पूर्व कार्यालयीन अधिकारी फर्म के पास उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण कर सकते हैं।
5. भोजन/नास्ता/चाय/कॉफी व्यवस्था हेतु किसी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जायेगा। कार्यालय द्वारा वांछित भोजन/नास्ता/चाय/कॉफी के आयटम तथा गुणवत्ता प्राप्त होने पर ही तत्संबंधी बिलों का भुगतान किया जायेगा।
6. कार्यालयीन समिति के अध्यक्ष द्वारा बिना कोई कारण बताए किसी एक या सभी निविदाओं को निरस्त किया जा सकता है।
7. फर्म किसी संस्था में ब्लैक लिस्टेड न हों। इसकी घोषणा रू. 100/– के स्टाम्प पेपर पर जमा करें।
8. भोजन/नास्ता/चाय/कॉफी व्यवस्था हेतु कार्यालयीन अधिकारियों द्वारा 04 घंटे पूर्व सूचना आपके दूरभाष पर आवश्यक संख्या एवं श्रेणी के संबंध में दी जावेगी। आपको उसी दिन निर्धारित समय तथा तिथि पर संस्था में कार्यालय में भोजन/नास्ता/चाय/हाई टी की व्यवस्था करनी होगी।
9. किसी भी विवाद की स्थिति में अंतिम निर्णय माननीय कुलपति, रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर का होगा।
10. एक बार स्वीकृत की गई निविदादाता फर्म अहस्तांतरणीय रहेगी।
11. रा. वि. सि. कृ. वि. वि., ग्वालियर द्वारा पानी एवं बिजली उपलब्ध कराई जोयगी यदि किसी अपरिहार्य कारणों से बिजली प्रवाह अवरूद्ध होता है तो प्रकाश एवं पानी की वैकल्पिक व्यवस्था करते हुये समयानुसार भोजना बनाना एवं परोसना होगा।
12. निविदादाता फर्म के काम करने वालों द्वारा यदि विश्वविद्यालय में कहीं भी किसी भी प्रकार की क्षति पहुंचाई जाती है तो उसकी भरपाई निविदादाताओं फर्म को करनी होगी।
13. यह निविदा दरें एक वर्ष के लिए स्वीकृत की जावेगी। यदि कोई कमी पायी जाती है तो बिना कारण बताये निरस्त किया जा सकता है।
14. किसी भी प्रकार के कोई न्यायालय प्रकरण के संबंध में ग्वालियर ही न्याय क्षेत्र मान्य होगा।
15. संतोषजनक कार्य नहीं होने पर केटरर को ब्लैक लिस्ट भी किया जा सकता है।
16. रिफाईंड तेल/वनस्पति/अन्य भोजन सामग्री इत्यादि ब्राण्डेड कम्पनी का उपयोग में लाना होगा।

17. भोजन में गुणवत्ता का ध्यान रखा जाना अत्यंत आवश्यक होगा।
18. समुचित रूप से भरी हुई तकनीकी निविदा (अ) सील बंद लिफाफे में निम्न पते पर दिनांक 03/02/2025 सुबह 11:00 बजे तक व्यक्तिगत/रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट से प्राप्त हो जानी चाहिए।
19. बिड को प्रत्येक भोजन के लिए प्रति प्लेट शुल्क निर्दिष्ट करना चाहिए।
20. बोली लगाने वाले को वैध FSSAI प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है।
21. दरे FOR आधार पर होनी चाहिए।
22. सभी या किसी भी कोटेशन को अस्वीकार करने और आइटम एल1 के लिए आवश्यकताओं को विभाजित करने या बिना कोई कारण बताये किसी भी या सभी उपरोक्त शर्तों को शिथिल करने का अधिकार रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित है।
23. कैटरर को प्रत्येक व्यक्ति के लिए पर्याप्त संख्या में सेवारत कतार की व्यवस्था करनी चाहिए ताकि भोजन समय पर समाप्त हो सके, यदि लागू हो तो पर्याप्त संख्या में तंदूर की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए अन्य चीजें भी की जानी चाहिए कि सेवाओं में कोई बाधा न हो।
24. किसी भी भोजन के लिए अपेक्षित संख्या को भोजन की न्यूनतम संख्या के रूप में लिया जा सकता है, ये संख्याएँ एक अनुमान हैं, में संख्याएँ बढ़ या घट सकती है।
25. विश्वविद्यालय मेनू में दर्शाए गये आइटम के प्रकार को बदलने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
26. भोजन की गुणवत्ता खराब होने पर समिति द्वारा उचित पैनल्टी अधिरोपित की जायेगी।
27. भोजन तैयार करने से पूर्व कमेटी द्वारा रॉ–मटेरियल को चैक किया जावेगा।

निदेशक विस्तार सेवाऐं
रा.वि.सिं.कृ.वि.वि., ग्वालियर

दिनांकः

हस्ताक्षर फर्म स्वामी मय फर्म मुद्रा

## (B) वित्तीय निविदा

### वित्तीय निविदा प्रक्रिया द्वारा पूर्ण की जावें।

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 21–24 फरवरी, 2025 को आयोजित हो रहे **"All India Agro-Industry Exhibition and Farmers Fair"** में भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु वित्तीय निविदा में नियम एवं शर्तों में निम्न बिन्दुओं का ध्यान रखना होगा।

1. वित्तीय निविदा में दरें स्पष्ट रूप से प्रत्येक मद के लिए जिसमें लगने वाले मेहताना मय लेबर चार्ज (कुक्स इत्यादि) एवं कच्ची सामग्री, बिजली, पानी, ईंधन इत्यादि का सम्मिलित कर प्रस्तुत किया जाना है।
2. प्रत्येक दर GST सहित अंकित करें।
3. निविदा दाता फर्म द्वारा सभी आईटम/सामग्री हेतु निविदा पर प्रस्तुत की जाना है अन्यथा अपूर्ण निविदा मान्य न की जाकर अस्वीकृत की जावेगी।
4. जिन फर्मो की तकनीकी दस्तावेज पूर्ण होगें उन्हीं फर्मो की वित्तीय निविदा को निविदा कमेटी के समक्ष नियत दिनांक को खोली जावेगी।
5. **रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर** में देयक प्राप्त होने पर देयक का भुगतान रेखांकित चैक/ NEFT के माध्यम से किया जायेगा, जिस पर नियमानुसार कर आदि की कटोत्री की जावेगी।
6. किसी प्रकार की क्षति/हानि होने पर वह स्वीकृत निविदादाता फर्म द्वारा समय सीमा में जमा न करने की दशा में देयक से काटे जाने का पूर्ण अधिकार संस्था को होगा।

दिनांकः

हस्ताक्षर फर्म स्वामी

फर्म की मुद्रा

मैं ..................................................................... (फार्म एवं फर्म स्वामी का नाम)

यह सत्यपूर्ण कथन करता हूँ कि मैंने **रा.वि.सि.कृ.वि.वि., ग्वालियर** द्वारा बनाये गये नियम एवं शर्तो को भली भांति अच्छी तरह से पढ़ एवं समझ लिया हैं मैं उनका पूर्ण रूपेण पालन करूंगा।

दिनांकः

**हस्ताक्षर फर्म स्वामी मय फर्म मुद्रा**

## निविदा फार्म 'ब' (वित्तीय निविदा)

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.) में दिनांक 21–24 फरवरी, 2025 को आयोजित हो रहे **"All India Agro-Industry Exhibition and Farmers Fair"** में भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था।

| Date | Meals | Menu | Rate (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 21/02/2025 – 24/02/2025 | **Breakfast** | • (पालक पुडी/ बथुआ पुडी/ दालपुडी) + सब्जी/बेड़ई + सब्जी<br>• चाय | |
| 21/02/2025 – 24/02/2025 | **Lunch Packet** (कुल 15000 से 20000 पैकेट 4 दिनों में, पैकेट की संख्या कम या अधिक हो सकती है।) | • आलू–मटर (समान अनुपात में)/आलू–गोभी/ आलू–मैंथी (सूखी सब्जी)<br>• आलू+मटर (हरी एवं ताजी)+टमाटर की भण्डारे वाली आधी सूखी सब्जी (लिपटुआ)<br>• पूड़ी – 08 (150 ग्राम न्यूनतम)<br>• अचार (आम/नींबू/मिक्सड)<br>• सेव (बेसन) – 50 ग्राम<br>• बूंदी – 50 ग्राम<br>• तली हुई मिर्च<br>• केला – 1 नग | |

नोटः

1. पुडी एवं कचौड़ी ब्रान्डेड आटे की ही बनाई जाएगी।
2. पर्यावरण अनुकूल पैकिंग एवं पैकेजिंग सामग्री की जिम्मेदारी कैटरर की होगी। (किसी भी प्रकार के प्लास्टिक सामग्री का उपयोग नहीं किया जायेगा)
3. प्रतिदिन पानी की केम्परस् (10–15 स्टाल, डिस्पोजल ग्लास के साथ) के साथ–साथ पानी की बॉटल (200–250 ml) और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी केटरर की होगी।
4. समस्त प्रकार की व्यवस्था केटरर की होगी, विश्वविद्यालय द्वारा केवल जगह उपलब्ध कराई जावेगी।
5. विश्वविद्यालय के अधिकारियों द्वारा सप्लायर के पास उपलब्ध सुविधाओं का निरीक्षण किया जावेगा।
6. सप्लायर को हाईजीन की व्यवस्था बनाई रखनी होगी तथा सभी वेटर उचित यूनिफार्म में रहेगें।
7. आर्डर देने का सर्वाधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।
8. किसी प्रकार की STATUTORY REQUIREMENTS को पूरा करने की जिम्मेदारी सप्तालय की होगी।

दिनांकः

हस्ताक्षर फर्म स्वामी मय फर्म मुद्रा

हस्ताक्षर

(निविदाकार/अधिकृत प्रतिनिधि)

## निविदा की प्रक्रिया

यह निविदा दो बिड सिस्टम पर कार्य करेगी, प्रत्येक निविदाकर्ता को अपनी तकनीकी एवं वित्तीय निविदा निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ सील बंद करके अलग–अलग लिफाफे में जिस पर निविदा केटरिंग हेतु स्पष्ट रूप से अंकि कर प्रस्तुत करना होगा।

| S. No. | Item | Date | Time |
|---|---|---|---|
| a) | Publishing Date | 18/01/2025 | 10:00 AM |
| b) | Document Purchase Start Date | 18/01/2025 | 11:00 AM |
| c) | Physical bid document submission end date in the office | 03/02/2025 | 11:00 AM |
| d) | Opening of the Technical Bid at RVSKVV | 03/02/2025 | 03:00 PM |
| e) | Technical Evaluation of Bids | 03/02/2025 | 03:00 PM |
| f) | Financial/Price Bid e-Opening Date | 04/02/2025 | 03:30 PM |

## (A) तकनीकी निविदा

राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय, ग्वालियर में दिनांक 21–24 फरवरी, 2025 को आयोजित हो रहे **"All India Agro-Industry Exhibition and Farmers Fair"** में भोजन पैकेट एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु निविदा आमंत्रित की गई निविदा। प्रत्येक निविदाकार को निविदायें निम्न सीलबंद लिफाफे में प्रेषित करनी होगी। लिफाफे के ऊपर **"All India Agro-Industry Exhibition and Farmers Fair" में भोजन एवं स्वल्पाहार व्यवस्था हेतु** निविदा लिख कर लिफाफे में निम्नलिखत दस्तावेज रखना है–

- टैक्नीकल निविदा फार्म 'अ'।
- धरोहर राशि रू. 25,000/–(जो वापिसी योग्य होगी) का डिमांड ड्राफ्ट।
- फर्म/फर्मस्वामी के पेन नम्बर की प्रति।
- सर्विस टेक्स नम्बर।
- फूड लाईसेंस।
- आयकर रिटर्न की विगत 03 वर्षों की प्रतियाँ।
- विगत 03 वर्षों का शासकीय अनुभव।
- नियम व शर्तों पर सहमति हेतु/हस्ताक्षरित नियम व शर्तों की प्रति।
- शासकीय/अशासकीय संस्थाओं/विभागों में भोजन कार्य हेतु आदेशों की प्रतियां।
- ब्लैकलिस्टेड न किये जाने का घोषणापत्र।
- शॉप एक्ट रजिस्ट्रेशन की प्रति।
- एमएसएमई रजिस्ट्रेशन की प्रति।

दिनांक:

हस्ताक्षर फर्म स्वामी मय फर्म मुद्रा

## निविदा फार्म "अ" (टैक्नीकल बिड)

1. निविदाकार का नाम एवं पता........................................................................................................

..........................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

संपर्क क्र..............................................................................................................................

2. निविदा प्रपत्र का मूल्य(प्रति प्रपत्र) रू. 1,000/– जमा करने का प्रमाण
3. निविदा धरोहर राशि रू. 25,000/– जमा करने का प्रमाण
4. फर्म/फर्म स्वामी के पेननम्बर की प्रति।
5. सर्विस टैक्स नम्बर की प्रति।
6. फूड लाईसेंस की प्रति।
7. आयकर रिटर्न (अद्यतन/लेटेस्ट) हेतु विगत 3 वर्ष की आयकर रिटर्न की प्रति।
8. उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशंसा पत्र (यदि कोई हो) संलग्न।
9. शासकीय कार्यालय/ विश्वविद्यालय में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र।
10. ब्लैकलिस्टेड न किये जाने का घोषणा पत्र
11. शॉप एक्ट रजिस्ट्रेशन (02 वर्ष या इससे पहले का) की प्रति
12. एमएसएमई रजिस्ट्रेशन की प्रति

दिनांकः

हस्ताक्षर फर्म स्वामी मय फर्म मुद्रा